**खबर संक्षेप**

## साइकिल से सम्पूर्ण भारत की यात्रा कर वापस घर पहुंचे रितेश



**छिंदवाड़ा।** बिछुआ ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिलोटाकलां के ग्राम मोहगांवकला निवासी रितेश टेकाम ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए साइकिल से सम्पूर्ण भारत यात्रा की है। रितेश ने चर्चा में बताया 1 जनवरी 2025 से उन्होंने इस यात्रा की शुरुआत की थी इस दौरान उन्होंने भारत के लगभग 20 राज्यों से होकर करीब 11000 किलोमीटर का सफर साइकिल से तय किया। इस उपलब्धि पर बस स्टैंड बिछुआ में सामाजिक बन्धु एवं विकासखण्ड वासियों ने फूलमाला पहनाकर अभिनंदन किया।

## कल नगर में निकलेगी विशाल कावड़ यात्रा

**पांढुर्णा।** कल 4 अगस्त को नगर में सुबह 10 बजे बिहार के सुलतानगंज स्थित उत्तरवाहिनी मां गंगा से लाए गए पवित्र जल के कावड यात्रा निकलेगी। गौरतलब है कि गत दिनों पांढुर्ना से अनेक युवा बजरंग कांवड संघ के नेतृत्व में कांवड यात्रा में शामिल होने श्री बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग पहुंचे थे। यह आस्थावान कांवडिये पवित्र गंगाजल लेकर पांढुर्ना लौटे है। कल 4 अगस्त की सुबह 10 बजे बजरंग कांवड संघ पांढुर्ना के नेतृत्व में प्राचीन चंडीका माता मंदिर पांढुर्ना से कावड यात्रा पवित्र गंगाजल के साथ शुरू होना है। यह कांवड यात्रा शहर में गुजरी चौक, हनुमंती वार्ड, ब्रम्हणी, स्वामी, विवेकानंद चौक, पंचशील चौक, तीन शेर चौक, मजदूर केंद्र, जयस्तंभ चौक होते हुए श्री गणुवंत बाबा मंदिर होते हुए जूना पांढुर्ना के प्राचीन शिव मंदिर पहुंचेगी।

## नगर निगम के वार्ड नंबर 27 में लोगों में दहशत, एक गाय को भी काटा

# आवारा श्वानों की चपेट में आए दो बच्चे व बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाड़ा





नगर निगम के कुछ वार्डों में आवारा श्वानों की दहशत लोगों में बढ़ते जा रही है। आए दिन ये कुत्ते किसी किसी को अपना शिकार बना रहे है। नगर निगम इस पर कोई एक्शन नहीं ले रहा है जिससे ये कुत्ते और भी खूंखार हो गए है और लोगों सहित मवेशियों को अपना निशाना बना रहे है।

एक ऐसा ही मामला रविवार को सामने आया जहां निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 27 में कुत्ते का आतंक छाया हुआ है। कुत्ते ने महज 24 घंटे में 2 बच्चे, बुजुर्ग व गाय को अपना शिकार बनाया है जिससे दो बच्चे, बुजुर्ग और गाय को जख्मी किया है। पुराना छापाखाना क्षेत्र में आये दिन अवारा कुत्तों का आतंक बढ़ते जा रहा है जिससे क्षेत्र में सभी में दहशत का माहौल है। 24 घंटे में इन कुत्तों ने क्षेत्र में रहने वाली अंशिका गढ़ेवाल (11 वर्ष), हनी पारधी (9 वर्ष) और एक बुजुर्ग एवं गाय को जख्मी किया है। इससे पूर्व भी 6 महीने पहले क्षेत्र के आधा दर्जन लोगों को कुत्ते ने काट लिया था। नगर निगम भी इस घटना पर ध्यान नहीं देता जिससे बढ़ रही ऐसी घटनाएं निरंतर बढ़ते चली जा रही है।

वहीं कुत्ते के काटने से जिन दो बच्चों और बुजुर्ग जख्मी हुए है। उनका इलाज जारी है। इस क्षेत्र के लोगों ने इन कुत्तों को पकड़ने का आग्रह निगम से किया है। जिससे दोबारा इस तरह की घटनाएं न हो सके। इस घटना के बाद वार्डवासियों में दहशत का वातावरण बना हुआ है।

## दुकान से नगदी सहित सामान ले उड़े चोर

**छिंदवाड़ा।** जिले में चोरी की घटनाएं निरंतर बढ़ रही है। ऐसे में पुलिस की जवाबदारी तो बढ़ ही रही है साथ ही प्रश्नचिन्ह भी इसलिए उठ रहे है कि रात्रिकालीन गश्त लगभग बंद सी ही हो गई है। यही कारण है कि अंधेरे का फायदा उठाकर चोर दुकानों पर हाथ साफ कर रहे है। ऐसा ही एक मामला नरसिंहपुर नाका स्थित धरमटेकड़ी चौकी पर प्रकाश में आया है जहां जितू चाचड़ा के दुकान में चोरों ने सेंधमारी करते हुए बीस हजार रूपए के नगदी व सामान सहित माल पर हाथ साफ कर दिया है। चॉकलेट, बिस्किट, महंगी सिगरेट के अलावा नगदी पैसों को लेकर चोर भाग गए। चोरी का पता दुकान संचालक को सुबह पता चला। इसी दुकान में यह एक साल में दूसरी चोरी है।

### सांसद कार्यालय में ली डब्लूसीएल के जीएम और बीएमएस के पदाधिकारियों की बैठक

# कोयलांचल को फिर से गुलजार करने के लिए सांसद ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाड़ा

कोयला मंत्रालय संसदीय सलाहकार समिति के सदस्य एवं सांसद बंटी विवेक साहू ने लोकसभा के मानसून सत्र से समय निकालकर छिन्दवाड़ा लौटने के तुरंत बाद शनिवार को सांसद कार्यालय में डब्लूसीएल के जीएम अनूप हंजुरा और भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के पदाधिकारियों की बैठक लेते हुए पेंच और कन्हान क्षेत्र में संचालित कोयला खदानों, नई कोलला खदानों को खोलने और डब्लूसीएल के कर्मचारियों की समस्याओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने डब्ल्यूसीएल के जीएम को नई कोयला खदानों को प्रारंभ करने के लिए शीघ्र ही कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए।

### कन्हान क्षेत्र को लेकर सांसद ने की समीक्षा

सांसद श्री साहू ने पेंच और कन्हान क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को लेकर डब्ल्यूसीएल के जीएम से क्रमवार बात की। इस दौरान उन्होंने डब्लूसीएल के जीएम को कन्हान क्षेत्र की भारत ओ.सी.एम. एवं मोहन कालरी की फाईनल स्टेज हेतु प्रबंधन की ओर से की गई कार्यवाही की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। वही मोहन फेस-5 एवं नारायणी ओपनकास्ट के शीघ्र संचालन हेतु प्रबंधन की ओर से की गई कार्यवाही की जानकारी भी मांगी। साथ ही डब्ल्यूसीएल के जीएम को कन्हान क्षेत्र से 200 कर्मचारियों का अन्यत्र स्थानांतरण किया जा रहा है पर रोक लगाई जाये के लिए कहा।

सांसद श्री साहू ने डब्लूसीएल के जीएम से तानसी, भाखरा, धाउनार्थ की फारेस्ट परमीशन हेतु प्रबंधन द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी मांगी। जिस पर प्रबंधन द्वार उनकी ओर से की गई कार्यवाही से सांसद बंटी विवेक साहू को अवगत कराया गया। इस दौरान सांसद श्री साहू ने डब्लूसीएल के जीएम को अन्य जानकारी भी शीघ्र ही उपलब्ध कराने के लिए कहा। बैंठक के दौरान शारदा माईन में कार्य कर रहे अस्थाई कामगारों को स्थाई किया जाये। शारदा माईन में पर्याप्त सपोर्ट मटेरियल की व्यवस्था बनाई जाए।

## श्री राम मंदिर में प्रतिदिन हो रहा रूद्राभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाड़ा

शहर के हृदय स्थल में स्थित श्री राम मंदिर में श्रावण माह में प्रतिदिन रूद्राभिषेक कराया जा रहा है। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु अभिषेक के लिए पहुंच रहे है। सत्यधर्म मंडल श्री राम मंदिर समिति के सचिव सतीश दुबे लाला ने बताया कि सावन सोमवार को मंदिर समिति द्वारा नेपाल के पशुपतिनाथ की प्रतिकृति शिवलिंग बनाई जाएगी। मंदिर समिति द्वारा प्रतिदिन नर्मदा नदी के जल से यजमानों से अभिषेक कराया जा रहा है। अभिषेक के लिए मंदिर के पुजारी पंडित नंदकिशोर शास्त्री से संपर्क करके निशुल्क पंजीयन कराया जा सकता है। इसके साथ ही श्रीराम मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्ष पालकी यात्रा मंदिर से निकाली जाती है, जिसका विसर्जन छोटा तालाब में किया जाता है। मंदिर समिति द्वारा इस पालकी यात्रा की तैयारी भी की जा रही है।

## सुंदरकांड पाठ का आयोजन, श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे




**छिंदवाड़ाः** शहर के स्थानीय पंचवटी वार्ड नंबर 48 में स्थित महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज भवन में समाजिक बंधूओ द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के संरक्षक कृष्णराव निनावे ने बताया कि संगीतमय सुंदरकांड का प्रभावी पाठ किया, जिसे सुन श्रोता भक्ति भाव से विभोर हो गए।जो 12 बजे से शाम 4 बजे तक का पाठ किया गया।समाजिक बंधूओ को सुंदरकांड का महत्व समझाते हुए श्री निनावे ने कहा कि यह पाठ करने से व्यक्ति भवसागर से तर जाता है। मनुष्य को जीवन में कभी किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ता है। सुंदरकांड सुनने से मनुष्य के आत्मिक एवं भौतिक ज्ञान का विकास होता है।पाठ के समापन पर महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया गया।इस अवसर महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के जिलाध्यक्ष रामकुमार निनावे,उपाध्यक्ष अशोक येरपुड़े,राजू सोनी,आरपी सोनी,युवा संरक्षक पंकज सोनी,युवा जिलाध्यक्ष मिथलेश सोनी,रामस्वरूप खरबड़े,मनोज आरपुरे, महेश सोनी,संदीप सोनी,मुकेश बांगरे,राजेंद्र सोनी,भूपेन्द्र सोनी,संदीप सोनी,मुकेश सोनी सहित बड़ी संख्या में समाजिक बंधू उपस्थित थे।

## हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली का संरक्षण ज़रूरीः बंटी

**छिन्दवाड़ा।** हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए धन संचय नहीं बल्कि हरियाली का संरक्षण जरूरी है। तिरोले कुनबी समाज का धन्यवाद की उन्होंने इस महत्ता को समझा और पौधरोपण महोत्सव मनाने का निर्णय लिया। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने लिंगा सालीमेटा में जिला तिरोले कुनबी समाज द्वारा आयोजित पौधरोपण महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान शुरू किया गया है।

## भाजपा मंडल की बैठक में बनाई आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा

**छिन्दवाड़ा।** गुलाबरा नगर मंडल 4 की बैठक चंदनगांव स्थित चन्द्रप्रभा लॉन में आयोजित की गई। जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई, जिसे बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बताया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुलाबरा नगर मंडल 4 की अध्यक्ष श्रीमती लीला बजोलिया ने कहा कि आगामी समय में कार्यकर्ताओं को जनता से जुड़े रहकर पात्र हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होंने गुलाबरा नगर मंडल 4 के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करने की बात कही। बैठक में वरिष्ठ नेता श्याम राव कपाले, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉक्टर कृष्ण हरजानी एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जगेन्द्र अल्डक ने अपने उद्बोधन से कार्यकर्ताओं में जोश भरा। बैठक में प्रतिमाह हर बूथ पर मन की बात कार्यक्रम एवं तिरंगा यात्रा के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर पार्षद भूरा भावरकर, ग्यासुद्दीन पाशा, चैतराम पाल, बबलू विश्वकर्मा, कमल बाजपेई, राजेश मोखलगाय महामंत्री अंकित तिवारी, आशुतोष वाडिवा, मंत्री नीरज ब्रहम्वंशी, राज गोहर, विशाल कराडे, कुणाल पाल, उपाध्यक्ष श्रीमती निशा गोस्वामी, श्रीमती ममता डोंगरे, श्रीमती प्रभा ओकटे, सत्येंद्र सेमेकर, नीरज वर्मा, मीडिया प्रभारी शक्ति सिंह चौधरी, कार्यालय प्रभारी मनेस सोनी, मन की बात प्रमुख प्रतिभा कपाले, बीएलए प्रमुख विशाल सूर्यवंशी, सोशल मीडिया प्रभारी विकाश जामकर, हेमा क्षेत्री, वीरेंद्र शुक्ला, अरूण चंदेल, विजेन्द्र भार्गव, अशरब कुमरे, विक्की रायसने, राज गोनेकर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मंहगाई राहत और अन्य समस्याओं को लेकर एसडीएम को देंगे ज्ञापन




**परासिया :-** पेंशनर्स समाज परासिया की रविवार 3 अगस्त को बैठक संपन्न हुई। बैठक में मंहगाई राहत व अन्य समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एस डी एम को ज्ञापन सौंपे जाने का निर्णय लिया गया। यह ज्ञापन 13 अगस्त को सौंपा जायेगा। पेंशनर्स समाज संगठन के अध्यक्ष अनूप राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई इस बैठक में ज्ञापन दिए जाने के अलावा स्वतंत्रता दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने विधायक सोहनलाल वाल्मीकि से ध्वजारोहण कराने, 5 अगस्त 2025 को गाजनडोह हाई स्कूल में पौधारोपण किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में आई टी आर भरने संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया। बैठक में मुख्य रूप से डी के मिश्रा, डी एन दुबे, एस एल पाटकर, डी पी खंडेलवाल, जेठूलाल सोनी, सी एस शर्माb,दिनेश तन्तुवाय, एम के यादव, ए के बरखानिया, श्रीकांत तारण, तुलसीराम सूर्यवंशी, मो इकबाल खान, रामकृष्ण रसेला, विजयकांत मिश्रा, पी मर्सकोले, सुमरो बाई, रामबाई, श्रीमती अबीरी बाई आदि उपस्थित रहे। 15 अगस्त को संगठन के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों को सुबह 08 बजे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने को कहा गया।

## महिलाओं ने मनाई हरियाली तीज, सावन के झूलों का लिया आनंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

श्रवण के पावन मास के अवसर पर महिलाओं द्वारा हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर महिलाओं द्वारा सावन के गीत गाए गए और झूलों का आनंद लिया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर के एक लोन में किया गया जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने एकत्रित होकर हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन कर सावन के झूले का आनंद लिया। इस अवसर पर ज्योति साहू, सपना साहू, आरती साहू, अरुणा साहू, अंकिता साहू, संचिता अग्रवाल, पूजा सिंह सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

# तेंदुए की हलचल से किसानों में दहशत

### वनविभाग करेगा तेंदुए एवं शावकों की ड्रोन से खोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा



बीतों 2-3 दिनों से विकासखंड के ग्राम हिवरासेनाडवार के आस पास मादा तेंदुआ और उसके 2 शावकों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र के किसानों में दहशत फैल गई है। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पहले ही इस परिसर के अन्य ग्राम घोगरीसाहनी में तेंदुए ने नीलगाय का शिकार किया था।

इस ग्रामीण क्षेत्र के किसान इतने भयभीत है कि उन्होंने रात में खेतों में जाना बंद कर दिया है। ग्राम में शेखर टोपले नामक किसान के खेत में तेंदुए के पगमार्क पाए जाने के बाद ग्रामीणजन काफी दहशत में जी रहे है। किसानों ने क्षेत्र में सक्रिय तेंदुआ और उसके शावकों को पकडकर दूर के सुरक्षित जंगलों में छोडने की मांग रेंजर प्रभुराम मुछाला से की। आज ग्राम के किसान प्रवीन निकोसे, राजू पराडकर, मुरली चोपडे, डोमा किनकर, प्रकाश डोबले और गोवर्धन को एक भेट के दौरान रेंजर प्रभुराम मुछाला ने तेंदुए और शावकों की खोज ड्रोन के माध्यम से कराए जाने का आश्वासन दिया। रेंजर प्रभुराम मुछाला ने क्षेत्र में मादा तेंदुआ और शावकों के पगमार्क मिलने की पुष्टि की है। किसानों की सुरक्षा हेतु पर्याप्त उपाय कराए जाने का आश्वासन रेंजर ने शासन के ओर से दिया है।

### पुलिस में दर्ज कराई शिकायत, जांच जारी

# पिंडरईडबीर स्कूल के किचन से चोरों ने उड़ा ली सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी के समीप शासकीय माध्यमिक शाला पिंडरई डबीर के किचन के दरवाजे का ताला तोड़ कर मध्यान भोजन बनाने वाली सामग्री पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया जिसमें पंद्रह से बीस हजार रुपए का सामान बताया गया। पूर्व में भी इसी स्कूल में कई बार चोरी की वारदात हो चुकी है। वही ग्रामीणों ने बताया कि यह स्कूल शराबियों का मय खाना बनता जा रहा है यहां पर स्कूल बंद होने के साथ ही पिंडरई बस स्टैंड में बिक रही अवैध शराब को शराबियों द्वारा यहां बैठकर पिया जाता है जिस कारण परेशानिया बढ़ रही है।वही स्कूल शिक्षको ने संबंध में बताया कि शनिवार– रविवार रात्रि को उक्त स्कूल कैम्पस में बना रसोई घर का ताला तोड़ कर चोरों ने दो गैस सिलेंडर बर्तन किराना समान चुरा लिया। पहले भी इसी स्कूल में कई बार ताला तोड़ कर शराब पीने की घटना घट चुकी है तथा कैम्पस में जगह जगह शराब की बोतल और ग्लास रोज मिलते है ऐसे में यहां पर पढ़ने वाले छात्र छात्राओं में बुरा प्रभाव पड़ता है। हालाकि स्कूल प्रबंधन ने पहले भी इन घटनाओं की सूचना पुलिस को दी थी वही रविवार को रसोई घर में हुई चोरी की सूचना की लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई है और उचित कार्यवाही की मांग की है।

## नगर मंडल महिला मोर्चा ने मनाई हरियाली तीज

**जुन्नारदेव।** भाजपा नगर मंडल महिला मोर्चा द्वारा हरियाली तीज का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती गरिमा प्रतिक दामोदर जिला महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती मीना दुबे जी के सानिध्य मे भव्य कार्यक्रम किया गया जिसमे हमारे जुन्नारदेव की महिला टीम शामिल हुए वरिष्ठ नेत्री श्रीमती लीना चौरसिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती भुवनेश्वरी भन्नारे आदि मौजूद रही।

### फर्जीवाड़ा मनरेगा के अधिकारी के अलावा जिओ टैगिंग पर उठ रहे सवाल

# पर्कोलेशन टैंक को सरोवर तालाब दर्शाकर फर्जीवाड़ा करने की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



तामिया जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों पर या तो अधिकारियों का नियंत्रण नहीं है या पंचायत सचिवों को खुला संरक्षण जिला पंचायत तक ने दे रखा है क्योंकि हर ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना सहित सभी होने वाले निर्माण कार्यों के नाम पर खुली लूट मची हुई है। लाखों के काम को हजारों रुपए में पूरा दर्शाकर लाखों रुपए निकाले जा रहे हैं। किसी भी ग्राम पंचायत में खुला भ्रष्टाचार निर्माण स्थल पर देखा जा सकता है। निर्माण कार्यों को सत्यापित करने वाले उपयंत्री इस भ्रष्टाचार की धुरी है। जिनके तकनीकी मार्गदर्शन में भ्रष्टाचार किया जा जाता है।

ऐसा ही एक उदाहरण इन दिनों तामिया से लगी ग्राम पंचायत बिजोरी जहां पर सरपंच सचिव पर अघोषित रूप से अनैतिक दवाओ बनाकर अधिकारियों के चहेते ठेकेदारी कर रहे हैं। यदि इसकी वानगी देखना है तो इसी ग्राम पंचायत के ग्राम राजथरी के बेड़ा ढाना में मोहन एवं तुकाराम के खेत के पास परकुलेशन टैंक बनाया जा रहा है जिसमें उपयंत्री और अघोषित ठेकेदार द्वारा इस पर्कुलेशन टैंक को तालाब बतलाकर इसमें बड़ा फर्जीवाड़ा करने की फिराक में है क्योंकि जब कोई भी निस्तारी तालाब बनाया जाता है तो उसके स्थल चयन यह साथ साथ कैचमेंट एरिया के अलावा जल भराव के लिए बेसिन पर गौर किया जाता है, साथ ही उसके लिए बेस्ट बियर कम से कम 10 मीटर चौड़ा बनाया जाता है, लेकिन इस पर्कुलेशन टैंक नजर आने वाले तालाब मै मनरेगा के अधिकारियों की भ्रष्टाचार करने की मनसा साफ नजर आ रही है। बिजोरी पंचायत में बन रहे इस टैंक को तालाब दर्शाकर राशि निकालने से रोका जा सकता है क्योंकि प्राप्त जानकारी के अनुसार इसमें अभी तक मजदूरों का भुगतान हुआ है तो तकनीकी दल को निरीक्षण कर भ्रष्टाचार को रोकने आगे आना होगा लेकिन ऐसी उम्मीद ना के बराबर है क्योंकि ग्राम पंचायत का प्रस्ताव उपयंत्री का प्राकलन (टी एस) सहायक यंत्री की तकनीकी स्वीकृति मनरेगा के सहायक कार्यक्रम अधिकारी की जियो टैगिंग रोजगार सहायक द्वारा मजदूरों का मस्टर इतनी सारी प्रक्रिया के बाद निर्माण शुरू होता है लेकिन इस टैंक में जब उल्लेखित तकनीकी अमला फर्जीवाड़ा करने पर उतारू हो तो क्या तकनीकी मापदंड स्थल चयन सब बेमानी साबित हो रहे हैं जो इस पर्कुलेशन टैंक में किया जा रहा है। पहली नजर में ही कहीं से भी ये तालाब नजर नहीं आता है। फिर भी इस पर्कूलेशन टैंक को तालाब का नाम देकर खुला भ्रष्टाचार किया जा की योजना है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण यह भी है कि इस निर्माण कार्य पर लगने वाला मनरेगा योजना का कोई शिलालेख इसलिए नहीं लगाया गया है। इसका मूल कारण है कि कहीं लोगों को इस टैंक की जानकारी ना मिल सके। इसलिए शिलालेख नहीं लगाया जाना भी इस भ्रष्टाचार के साक्ष्य के रूप में देखा जा सकता है। इस तरह बिजोरी ग्राम पंचायत में होने वाले इस भ्रष्टाचार को यदि अधिकारी चाहे तो रोक सकते हैं, लेकिन ऐसा करेगा कौन यह बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

## प्रबंधन की लापरवाही दे रही दुर्घटना को निमंत्रण

# उरधन से हो रहा जले कोयले का परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परासिया



पेंच कोयला क्षेत्र में प्रबंधन की लापरवाही की जितनी तारीफ की जाए कम है । लापरवाही की एक और बानगी फिर देखने को मिल रही है । इन दिनों पेंच कोयला क्षेत्र की उरधन कोयला खदान से जलता कोयला परिवहन हो रहा है । जिस पर प्रबंधन का ध्यान नहीं है , या फिर जानबूझ कर अनदेखा किया जा रहा है ।

प्रबंधन की यह लापरवाही दुर्घटना को न्योता दे रही है ।पेंच क्षेत्र की उरधन कोयला खदान में मौजूद कोल स्टॉक में बीते कुछ महीनों से आग लगी हुई है । जिसे बुझाने के लिए प्रबंधन ने काफ़ी प्रयास किए हैं , फिर भी पूरी तरह आग बुझी नहीं है । यहां से कोयला ट्रकों में भरकर बी जी साइडिंग लाया जाता है । ट्रकों में कोयला लोड होने के दौरान आग लगा कोयला भी लोड कर दिया जा रहा है , जो उरधन से बी जी साइडिंग आने के दौरान हवा के संपर्क मै आने से और आग पकड़ रहा है । जिससे रास्ते में बड़ी दुर्घटना होने की आशंका को नकारा नहीं जा सकता । इसका खामियाजा रास्ते में चलने वालों , ट्रक चालकों और हेल्परों को भुगतना पड़ सकता है ।

## मौन साधना का हुआ गायत्री शक्तिपीठ में आयोजन

**सौंसर।** नगर की गायत्री शक्तिपीठ में एक दिवसीय मोहन साधना कार्यक्रम का आयोजन किया गया,आयोजन के दौरान 150 साधकों ने मौन धारण कर विभिन्न साधना पद्धतियों को समझा। गायत्री शक्तिपीठ सौसर के प्रबंध ट्रस्टी शिवाजी ठाकरे,सहा.प्रबंध ट्रस्टी चित्रसेन रबड़े ने बताया कि मातृशक्ति जन्मशताब्दी श्रद्धांजलि वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित मौन साधना शिविर में समस्त प्रतिभागियों ने शटचक्रशुद्धि एव जागरण, पंचकोशी साधना, विभिन्न मुद्राएं, कुंडलिनी विवेचन, युग धर्म हेतु तप, तपस्या, मौनतप। आदि पर विशेषज्ञों द्वारा मौन शिविरार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मौन से आत्मपरिष्कार, और मैं क्या हु, और मेरा जन्म किसलिए हुआ है और मेरे सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और राष्ट्र के प्रति दायित्व क्या है। परिवार निर्माण, व्यक्ति निर्माण के लिए हम क्या अच्छा कर सकते है। आत्मबोध की साधना का अभ्यास कराया गया।शिविर में किशोर किनकर, उपजोन साधना आंदोलन प्रभारी नरेंद्र हिंगवे समन्वयक पांढुरना विश्वेश्वर गांजरे, युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक स्वरूप पराड़कर सह समन्वयक प्रवीण अमजीरे , मनोहर हिंगवे सावरी बाजार से रामदास पवार, मनोहर पवार, नितिन बोढे, प्रेमलता साहू ,विकास जानभोर, कैलाश धोटे , विमल ठाकुर,सुनंदा सेंगर, आशा पराड़कर, ललित भोपे, संजय बल्कि कैलाश ताजने शंकरराव घोड़की आदि थे।

## श्री जत्ती हनुमान मंदिर चांदामेटा में जारी रामायण पाठ



**चांदामेटा / परासिया** :- चांदामेटा के जत्ती हनुमान मंदिर में तुलसीदास जयंती के अवसर से 108 अखंड रामायण पाठ प्रारंभ है । जो लगातार तीन महीने से चालू है । उसके उपरांत श्री राम यज्ञ होगा ।सभी धर्म प्रेमियों के सहयोग से यह रामायण पाठ जारी है । मंदिर समिति अध्यक्ष राधा मोहन अग्रवाल , सचिव भोजराज डेहरिया , कोषाध्यक्ष अमर डेहरिया , उपाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल , सदस्य गण मनोज कुलपहरा , प्रदीप सोनी , पारस डेहरिया , राजेश वर्माv, रामनारायण बावरिया , द्वारका प्रसाद सराठे , पंडित सुभाष शर्मा , पंडित कपिल मिश्रा , बाबा शोभाराम , जनार्दन कराड़े , गोविंद बेलवंशी , ईश्वरी श्रीवास , धर्मेंद्र सोनी , राकेश डेहरिया , संतराम डेहरिया , भीम मालवीय , द्वारका डेहरिया , पवन विश्वकर्मा , हर्षित डेहरिया , मन डेहरिया, मदन बुनकर आदि का विशेष सहयोग मिल रहा है ।

## घोघरा में क्षेत्रीय भ्रष्टाचार को लगाम कसने को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर




रविवार को भ्रष्टाचार मुक्त मध्यप्रदेश अभियान के बैनर तले ग्राम रिधोरा के घोघरा में बैठक का आयोजन किया गया, बैठक के दौरान उपस्थित हुए क्षेत्र वासियों के द्वारासौसर क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम छेड़कर जनता जनार्दन को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया गया।बैठक की अध्यक्षता नत्थुजी राऊत ने कीइस दौरान पूर्व विधायक अजयजी चोरे,करणी सेना महाकौशल प्रांत प्रमुख अरुण प्रताप सिंह राजपूत,चिंदबाजी सरोदे,धनराजजी सहस्त्रबुद्धे,मधुकर गायकवाड़,चंद्रशेखर अंबडकर, सचिन खंडाईत, मचासिन उपस्थित थे,बैठक में पांढुर्णा, मोहखेड़,सौंसर विधानसभा से सामाजिक धार्मिक राजनीतिक सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े हुए युवाओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाया, बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की लचीली कार्यप्रणाली के चलते सौसर क्षेत्र के साथी औद्योगिक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जनता के कार्य नहीं हो रहे हैं कामगारों को कंपनी मालिको के द्वारा परेशान किया जा रहा है।असुरक्षा के बीच में मासूम कामगारों को जान जोखिम में डालकर कार्य करना पड़ रहा है जिसके चलते आए दिन औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों में दुर्घटना में कामगार घायल हो रहे हैं। प्रशासन ने औद्योगिक इकाइयों की जांच करते हुए व्यवस्था में सुधार कर श्रमिकों के साथ में हो रहे आए दिन हादसों पर रोक लगनी चाहिए, बैठक कासंचालन खुशाल चौधरी ने किया,बैठक के दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई जिसमें शासकीय विभागों के अंतर्गत अधूरे विकास कार्य,प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अधूरे प्रोजेक्ट,ठेकेदारों द्वारा छोड़े गए अधूरे पुल-पुलिया व सड़क निर्माण,यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की आपूर्ति व्यवस्था,प्रधानमंत्री खाद्यान्न योजना की जमीनी स्थिति,पुलिस एवं प्रशासन की कार्यशैली, इस दौरान सर्वसम्मति से विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल आदि को लिखित तौर पर ज्ञापन सपने को लेकर भी चर्चा की।

## सिमटी महाविद्यालय में तिलक लगाकर किया विद्यार्थियों का सत्कार

**सौंसर।** रविवार को सिमटी महाविद्यालय, रिधोरा में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम., एम.ए., एम.एससी. के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गयाकार्यक्रम में सभी संकायों के छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं पुष्पवर्षा के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ,कार्यक्रम की अध्यक्षता सिमटी महाविद्यालय, रिधोरा संचालक एवं पूर्व विधायक अजय चौरे ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ईश्वर श्रोते, सूर्यकांत डिगरसे, साजिद कुरैशी, अंकित भक्ते,मयूर अतकरें, श्रीमती रत्नमाला चरपे, श्रीमती रेणुका देवारे, कु. निकिता वाडबुदे, कु. मयूरी ढोके, कु. वैष्णवी लवहाले, कु. दीक्षिता पालीवाल एवं कु. कल्याणी आष्टीकर, कु. सुनीता कोरडें आदि थे।आयोजन को संबोधित करते हुएवक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा यह कहा कि महाविद्यालय परिवार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु हर स्तर पर सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा। बच्चों ने अच्छी मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए, बेहतर और अच्छी शिक्षा से ही हम अपनी मंजिल को पा सकते हैं साथ ही अपने परिवार समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते है। अध्यक्ष भाषण में पूर्व विधायक अजय चौरे ने कहा सीमटी महाविद्यालय रिधोरा हजारों छात्र उच्च शिक्षा ग्रहण करते हुए आज देश के विभिन्न महानगरों में उच्च पदों पर विराजमान होकर कार्य कर रहे हैं,वर्तमान परिवेश में कंपटीशन बढ़ गया है ऐसी परिस्थितियों में बच्चों ने अधिक मन लगाकर पढ़ाई करने की आवश्यकता है तभी वह इस प्रतिस्पर्धा के दौर में आगे बढ़कर अपनी मंजिल को पा सकेंगे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में किया सांसद बंटी साहू ने भूमिपूजन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर



रविवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम परतापुर में नगर परिषद लोधीखेडा और ग्राम पंचायत परतापुर,हिवरा खंडेरायवार,कढैय्या,तिनखेडा विभिन्न विकास कार्यो भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।आयोजन के दौरान छिंदवाड़ा पांढुर्णा सांसद बंटी साहू जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ के विधिवत पूजा अर्चना करते हुए भूमिपूजन किया।

आयोजन को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं भाजपा सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का आम जनमानस के साथ-साथ हितुराईयों ने अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील है।जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा भाजपा सरकार एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विकास को लेकर निरंतर कार्य किया जा रहा है।

सौसर पांढुर्णा छिंदवाड़ा क्षेत्र के गांव का जो विकास हो रहा है वह भारतीय जनता पार्टी की देन है। ग्रामीण क्षेत्र के विकास के साथी सरकार के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में भी निरंतर जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आम जनमानस का विकास किया जा रहा हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा नेता संतोष जैन, सौसर मंडल भाजपा अध्यक्ष दर्शन झाडे सूर्यभान चिकटे, के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## सांसद, विधायकों पर लगाया अनदेखी का आरोप

# नक्सल प्रभावित ग्रामों के दौरे पर पहुंचे पूर्व सांसद कंकर मुंजारे

### प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी में



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जिले के पूर्व सांसद और राष्ट्रीय क्रांतिकारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कंकर मुंजारे ने शनिवार 2 अगस्त को लांजी विकासखंड के नक्सल प्रभावित ग्रामों नेवरवाही, बोदादलखा, वारधा, दडेकसा, चौरिया सहित अन्य ग्रामों का दौरा किया। इस दौरान श्री मुंजारे ने नक्सल प्रभावित ग्रामों की रोडो की दुर्दशा, क्षतिग्रस्त स्कूलों, विद्युत व्यवस्था पर दुख व्यक्त करते हुए चिंता जताई। श्री मुंजारे ने कहा सरकार एक ग्राम से दूसरे ग्राम कोजोडने की बड़ी-बड़ी बात करती है परंतु लांजी क्षेत्र के नक्सल प्रभावित ग्राम नेवरवाही से वारधा पहुंच मार्ग की हालत जिसका अभी पूरी तरह कार्य भी पूर्ण नहीं है पूरी तरह से गुणवत्ताहीन है। इस रोड को बनाने वाली रायसिंग एंड कंपनी के ठेकेदार द्वारा शासन-प्रशासन की आंखों में धूल झोंकते हुए सड़क निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है और इन नक्सल प्रभावित ग्रामों में रहने वाले ग्रामीणों के साथ अन्याय करने का कार्य किया है। उन्होने कहा ठेकेदार के इस गुणवत्ताहीन कार्य को देखकर साफ समझ में आता है कि सरकार और पुलिस विभाग कितना कमीशन ठेकेदारों से खा रही है और वही इस सारे काम में वन विभाग भी पीछे नहीं है वन विभाग ने भी फर्जी तरीके से जंगलों की कटाई करवा दी। वही दूसरा मामला सुनसुली से बोदादलखा पहुंच मार्ग का है वहां भी आधे अधूरे में अटका हुआ है जिसमें वन विभाग द्वारा लाखों रुपए का कमीशन ठेकेदार से लिया गया है इसके खिलाफ भी हमारे द्वारा आंदोलन किया जाएगा ।

**कार्यक्रमों और बैठकों तक सिमट है क्षेत्र के जनप्रतिनिधी :** श्री मुंजारे ने यहीं नहीं रूके उन्होने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली को लेकर रोष व्यक्त करते हुए कहा की यहां के विधायक, जनपद सदस्स से लेकर जिला पंचायत सदस्य तक अपने घरों और कार्यालयों में जनता दरबार सजाकर अपनी वाहवाही सुनने के आदि हो चुके है। क्षेत्र की जनता के विषय में सोचने और करने की उनकी सोच पर राजनीतिक पर्दा पड़ चुका है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधी सिर्फ राजनीतिक कार्यक्रमों, सामाजिक मंचों और फ्लैक्सों में तीज त्यौहार की बधाई देने तक सीमित रह गए है। वहीं उनके चरणचुंबक उनकी चरणवंदना में उनके कार्यों पर झूठी तारीफ करते हुए थकते नहीं है।

**नशे से कमीशन कमाने वाले नशा दूर करने की बात कर रहे:** पूर्व सांसद ने कहा की पुलिस विभाग द्वारा पूरे जिले में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है और नशे से दूर रहने की खोखली अपील की जा रही है। जबकि जिले का बच्चा बच्चा जानता है की पुलिस विभाग का जिले में शराब ठेकेदारों को कितना संरक्षण प्राप्त है। हर माह पुलिस प्रशासन को शराब माफियाओं के द्वारा चढ़ोत्तरी चढ़ाई जाती है जो किसी से छिपी नहीं है। वहीं जिन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा नशे से दूरी की अपील की जा रही है वहीं अपने अपने शासकीय आवास में रात्रि में नशे डूबे हुए आसानी से मिल जाएंगे। ऐसी स्थिति में पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में नशा मुक्ति अभियान किसी के भी गले नहीं उतरता उन्होने कहा हमेशा मेरे देखने में आया है की रात्रि में अधिकांश पुलिसकर्मी शराब के नशे में ही अपनी ड्यूटी करते है जिसकी सारी जानकारी विभाग को होने के बावजूद कोई कार्यवाहीं नही की जाती है।

**शासकीय स्कूलो की स्थिति अत्यंत दयनीय:** श्री मुंजारे ने कहा जिले में स्कूल शिक्षा की दशा अत्यंत दयनीय है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्कूल ऐसे हैं जहाँ पर सिफर्.एक अध्यापक है। स्कूलों में बिजली ही नहीं है। इसके अलावा स्कूलों में बच्चों के नामांकन की दर भी घटती जा रही है। शासकीय स्कूल भवनों की हालत जर्जर हो चुकी है जिसमें बच्चें पढने के लिये मजबूर हैं। जिससे यह समझ आता है की स्कूली शिक्षा को जानबूझकर पीछे धकेला जा रहा है। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि समाज के सबसे वंचित वर्ग के छात्र ही सबसे अधिक सरकारी स्कूलों पर निर्भर है। लेकिन सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं और यहाँ तक कि अध्यापकों की कमी के चलते बच्चों को बेहतर शिक्षा नहीं मिल पा रही है और बहुत से अभिभावक निजी स्कूलों में एडमिशन कराने के लिए मजबूर हैं। इस तरह शासन प्रशासन द्वारा लगातार छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ किया जाएगा आंदोलन:** श्री मुंजारे ने कहा की प्रदेश की जनता के हित हमारे द्वारा लगातार जमीन पर उतरकर प्रयास किया जाता रहा है। प्रदेश की भाजपा सरकार और कांग्रेस पार्टी दोनो मिलकर प्रदेश का सत्यानाश करने में लगी हुई है। इन्हें जनता की कोई परवाह नहीं है। इस भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ इस उखाड़ फेंकने के लिये हमारे द्वारा शीघ्र ही आंदोलन किया जाएगा और इस सरकार के खिलाफ विकल्प तैयार किया जाएगा ताकि प्रदेश की जनता को भ्रष्टाचार और अत्याचार से मुक्त किया जा सके। श्री मुंजारे ने कहा कि जिले और समस्त विधानसभा क्षेत्रों की हालत अगर नहीं सुधरती है तो हम मिलकर सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे।

## कविता में क्रांति का उद्घोष थे गुप्त जी : पं.सुधाकर शर्मा

# राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** शहर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित शर्मा निकुंज में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती पर रविवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया था जिसमे साहित्यकार-सुकवि पं. सुधाकर शर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा गुप्त जी कविता में राष्ट्रीय क्रांति के उद्घोष थे! भारत भारती सहित अन्यन्य कृतियों में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने कविता में क्रांति को ही रचा है. मानस भवन में आर्य जन जिसकी उतारें आरती, भगवान भारत वर्ष में गूँजे हमारी भारती!" जैसी पंक्तियों में उन्होंने संस्कृति के संस्कारों को आगत पीढ़ियों तक पहुँचाने के कवि धर्म का पालन ही किया है. भारतीय संस्कृति के आख्याता नारी संचेतना और जागरण के व्याख्याता रहे गुप्त जी ने नारी संवेदना को भी विविध रूपों में पिरोया है।

यशोधरा, विष्णु प्रिया, साकेत आदि में गुप्त जी के नारी पात्र भारतीय नारी के समग्र उदात्त पक्ष को रेखांकित करते हैं. सुकवि पं. सुधाकर शर्मा के कटंगी आगमन से यहां के प्रबुद्ध वर्ग, कवियों, लेखकों, पत्रकारों में हर्ष की लहर देखी गयी. पंडित जी ने गीता वाणी और राम प्रिया,मंथरा, पाषाण के पद्यांश सुना कर श्रोताओं को अभिभूत कर दिया. इस अवसर पर श्रीमती संतोष शर्मा, श्रीमती ऋतु शर्मा, श्रीमती पूजा शर्मा, सुनील डोंगरे, देवीप्रसाद

## पंचायत सचिव फूलचंद लांजेवार को संगठन ने दी विदाई

# जनपद पंचायत में समारोह का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

जनपद पंचायत कटंगी की अलग-अलग ग्राम पंचायतों में 30 वर्षों तक निरंतर अग्रणी सेवाएं देने के बाद ग्राम पंचायत चिकमारा से सेवानिवृत्त हुए पंचायत सचिव फूलचंद लांजेवार को पंचायत सचिव संगठन ने जनपद पंचायत के सभा हाल में एक समारोह का आयोजन कर विदाई दी. मुख्य कार्यपालन अधिकारी गायत्री कुमार सारथी के मुख्य आतिथ्य में समारोह का आयोजन हुआ. पंचायत सचिव संगठन ब्लॉक अध्यक्ष धनराज पटले, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र भूरे सहित तमाम ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिव विदाई समारोह में शामिल हुए. जिला उपाध्यक्ष ने जब फूलचंद लांजेवार की कार्यशैली पर अपने विचार रखे तो साथी पंचायत सचिवों की आंखें नम हो गई. उन्होंने कहा कि फूलचंद लांजेवार ने संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया. आनलाइन के इस दौर में वह अपने साथी सरपंच और रोजगार सहायक से समन्वय स्थापित करते हुए सफल तरीके से कार्य करते रहे. विभागों के आफ लाइन कार्य में उनकी बराबरी करना इतना आसान काम नहीं रहा. सीईओ ने कहा कि वह कुछ ही दिनों पहले जनपद पंचायत में आए लेकिन कम समय में ही फूलचंद लांजेवार की कार्यशैली ने उन्हें प्रभावित किया. ब्लॉक अध्यक्ष धनराज पटले ने कहा कि फूलचंद लांजेवार ने जिस भी ग्राम पंचायत में अपनी सेवाएं दी. वहां गंभीरता, ईमानदारी और जवाबदारी के साथ कार्यों का निर्वहन किया. वह ना सिर्फ अपने कार्य के प्रति तत्पर रहते बल्कि बेहद सरल, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी है. बता दें कि फूलचंद लांजेवार की ग्राम पंचायत सावंगी में वर्ष 1995 में पहली नियुक्ति हुई थी. उन्होंने सांवगी, सेलवा के अलावा अर्जुनी पंचायत का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला और अंत में चिकमारा पंचायत से सेवानिवृत्त हुए।

## जिला पंचायत पूर्व सदस्य विक्रम देशमुख के सहयोग से मिला वृद्ध महिला को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जिला पंचायत बालाघाट के पूर्व सदस्य व भाजपा के युवा नेता विक्रम देशमुख के प्रयासों से एक 77 वर्षीय वृद्ध महिला को 7 सालों बाद प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिलना प्रारंभ हो पाया हैं। जिसको लेकर वृद्ध महिला व उसके परिजनों ने श्री देशमुख के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद दिया है।

जानकारी अनुसार वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 15 सिविल लाईन में निवास करने वाली 77 वर्षीय वृद्ध महिला कुसुम भारद्वाज की बालाघाट जिले के लामता तहसील के चरेगॉव में कृषि भूमि स्थित हैं। कृषि भूमि होने के कारण उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2018 से प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिलना चाहिए था। लेकिन उन्हें उस योजना का लाभ नहीं मिल रहा था। जिसके लिए उनके द्वारा हल्का पटवारी से लगातार संपर्क किया गया, लेकिन उसका कोई परिणाम नहीं निकला।

अंततः श्रीमती कुसुम भारद्वाज ने जिला पंचायत बालाघाट के पूर्व सदस्य विक्रम देशमुख के वारासिवनी कार्यालय में उनसे मुलाकात कर अपनी व्यथा सुनाई। जिस पर श्री देशमुख ने उनके द्वारा बताए हुए दावों पर ग़ौर किया और कार्यालय कलेक्टर बालाघाट भू



अभिलेख शाखा से संपर्क किया। जहॉ से जानकारी मिली कि वृद्ध महिला के बैंक खाते से आधार सीडिंग नहीं हो पाई है। जिसके कारण उनको योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। इस बात की जानकारी मिलते ही श्री देशमुख ने श्रीमती कुसुम भारद्वाज को अपने साथ बैंक में ले जाकर उनकी बैंक खाते से आधार सीडिंग करवाई।

इस प्रक्रिया के उपरांत 02 जुलाई 25 को किसानों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की डाली गयी किस्त का लाभ वृद्धा कुसुम भारद्वाज को भी मिलना प्रारंभ हो गया है। उन्हें इस योजना की शुरुआती दो किश्त 4000 रुपये की सम्मान राशि मिल चुकी है। श्रीमती कुसुम भारद्वाज और उनकी पुत्रियों ने जिला पंचायत पूर्व सदस्य विक्रम देशमुख को धन्यवाद सहित आशीर्वाद दिया है।

## कलार समाज की कार्यकारिणी की घोषणा

**वारासिवनी।** प्रगतिशील तहसील सर्ववर्गीय कलार समाज वारासिवनी की आवश्यक विशेष बैठक कलार समाज भवन गंगोत्री कालोनी में सम्पन्न हुई। बैठक में विशेष अतिथि के रुप में समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक, संयोजक एवं संरक्षक डी पी चौरागढ़े एवं नवनियुक्त समाज अध्यक्ष सुनील पिपरेवार उपस्थित रहे। बैठक में समाज की कार्यकारिणी के शेष पदों के नामों की घोषणा की गई। जिसमें उपाध्यक्षों में सर्वसम्मति से प्रदीप कोसरकर, महेश साहू, रिंकू चापूकर, वित्तीय सलाहकर जितेश बमनोटे आडिटर, मीडिया प्रभारी अजय डहाके, विधि सलाहकार पंकज पिपरेवार एवं अजय साकरे, पुष्पेन्द्र कलिहारी को मनोनीत किया गया। वहीं



कार्यकारिणी सदस्यों में सुरेश डोहरे, महेन्द्र कावड़े, लक्ष्मीनारायण कावड़े, नरेन्द्र डोहरे, अशोक मंडलेकर, पी एच पालेवार, रुपेन्द्र सोनवाने, दिनेश भोयर, संजीव जायसवाल, विजय तेलासकर का मनोनयन किया गया। बैठक में उम्मेद पालेवार, ओमप्रकाश बारेवार, धनेन्द्र सोनेकर, रिंकू चापूकर, शिवशंकर मंडलेकर, दशरथ डहरवाल, अनीता जामुनपाने, सुशीला धनकड़े, रोशनी डाहके, श्रीति पालेवार, विजेता सोनेकर, मनीषा पिपरेवार, आरती सोनेकर, डाली जायसवाल, पूजा सोनेकर, डॉ. मोनिका तरुण सोनेकर, धनराज धुवारे, प्रदीप कोसरकर, नरेन्द्र डोहरे, बालगोविंद गडपांडे, अजय डाहके, संजय साकरे, महेन्द्र कावडे, प्रीतम डहरवाल, जितेन्द्र सोनेकर, नितिन सिरसाटे, महेन्द्र सोनगडे, विजय डाहके, जितेश बमनोटे, प्रेमलाल डहरवाल, एस के दहीकर एवं सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बोरदाई टेकरी में भगवान भोलेनाथ का विशेष रुद्राभिषेक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** श्रावण मास के चौथा सोमवार को भगवान भोलेनाथ का विशेष रुद्राभिषेक महाकालेश्वर 108 शिवलिंग मंदिर बोरदाई टेकरी में सावन मास के चौथा सोमवार भगवान भोलेनाथ का का विशेष रुद्राभिषेक दूध धारा जलधार से होगा प्रातः काल भगवान महादेव का रुद्राभिषेक प्रारंभ हो जाएगा शाम के समय महा आरती होगी।

### बीर सत्संग का समापन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भैरोगंज स्थित श्री सत्य कबीर निकेतन में पंच दिवसीय कबीर सत्संग का समापन आज 4 अगस्त को सुबह 11 बजे चौका, आरती के साथ स पन्न होगा। इस मौके पर कबीर पंथ धर्माधिकारी सुधाकर शास्त्री साहेब, सुनील शास्त्री भागलपुर बिहार, शिवमुनि शास्त्री कोल्हापुर महाराष्ट्र, रामदास साहेब अरसनारा छत्तीसगढ़ द्वारा सद्गुरू कबीर साहेब की वाणी पर प्रकाश डालेंगे। सामाजिकजनों द्वारा नारियल भेंट किया जाएगा।

### क्विज व्यक्तित्व को निखारने का कार्य करता है - कलेक्टर संस्कृति जैन

# जिला स्तरीय पर्यटन क्विज में शामिल हुए 170 स्कूली छात्र- छात्राएं

**जिला प्रशासन, स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला पर्यटन बोर्ड के द्वारा जिला स्तरीय पर्यटन क्विज का 1 अगस्त को पी जी कॉलेज सिवनी के ऑडिटोरियम में आयोजन किया गया।**

### राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जिलें का प्रतिनिधित्व करेंगी शासकीय विद्यालय बुढ़ेनाकलां की टीम





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इस प्रतियोगिता के जिला क्विज मास्टर संदीप मिश्रा पीटीआई धारनाकला ने बताया कि इस क्विज में सिवनी जिले के हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी के 170 विद्यालयों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिसके प्रारंभ में सभी मार्गदर्शी शिक्षकों और विद्यार्थियों को स्वल्पाहार प्रदान किया गया। तत्पश्चात 10 से 12 बजे तक लिखित परीक्षा ली गई। जिसमें प्रथम आने वाली 6 टीमों को दोपहर दो बजे से मल्टीमीडिया राउंड खेलने का अवसर प्राप्त हुआ, इस बीच सभी विद्यार्थी एवं शिक्षकों को शानदार भोजन भी उपलब्ध कराया गया। मल्टीमीडिया राउंड में बुढ़ेना कला, धारना, छपारा, खापा बाजार, उत्कृष्ट बरघाट एवं उत्कृष्ट सिवनी ने अपनी जगह बनाई। मल्टीमीडिया के दस रोचक राउंड में तमाम उतार चढ़ाव के बाद बुढ़ेनाकला विद्यालय की टीम ने अपना वर्चस्व स्थापित कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं धारना कला द्वितीय और तृतीय स्थान में उत्कृष्ट बरघाट की स्थिति रही।

कलेक्टर संस्कृति जैन द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा गया कि क्विज अपने सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। अगर आप क्विजर हैं तो आप वह भी देख पाते हैं जो अन्य दूसरी सामान्य आंखें नहीं देख पाती, क्विज आपके व्यक्तित्व को निखारने का काम करेगा। क्विज के दौरान दर्शकों के लिए भी अनेक प्रश्न रखे गए थे जिन्हें प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी संदीप मिश्रा, लोक सेवा प्रबंधक द्वारा रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया व विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप उपहार भी वितरित किए गए, प्रतियोगिता के समापन में सभी विजेता और उपविजेता टीमों को जिला पंचायत सीईओ विजय नवजीवन पवार ,जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे व सहायक संचालक आर पी पाटिल द्वारा मेडल व प्रमाण पत्र के माध्यम से सम्मानित किया गया।

राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ेना कलां की टीम को अग्रिम शुभकामनाएं दी गई। प्रतियोगिता के सफल संचालन में राहुल शिवहरे, रविंद्र श्रीवास्तव ,शैलेंद्र, सुनील बिसेन, चिंतामन रागडाले व आशीष के विशेष भूमिका रही।

# प्रांत स्तरीय मानस पाठ प्रतियोगिता मे रामायण मंडल बाँकी की शानदार प्रस्तुति लगातार दूसरी बार प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत तहसील चौरई में 59 वर्षों से लगातार गोस्वामी श्री तुलसीदास जी जयंती के उपलक्ष्य में श्री रामचरितमानस पाठ प्रतियोगिता का आयोजन होता चला आ रहा है जिसमें अलग-अलग जिलों से प्रतियोगी रामायण मंडल हिस्सा लेते हैं इसी तारतम्य में इस वर्ष 31 जुलाई 2025 को चौरई नगर में आयोजित प्रांत स्तरीय मानस पाठ प्रतियोगिता में नूतन कला रामायण मंडल बाँकी जिला सिवनी ने शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त कर सिवनी जिले का नाम रोशन किया है मंडल के सभी सदस्यों ने सावन के इस पवित्र महीने में श्री मानस जी का पाठ कर एवं शास्त्रीय संगीत तथा भजनों की अनुपम प्रस्तुति देकर सभी प्रतियोगी मंडलों से श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। नूतन कला रामायण मंडल बाँकी की लगातार वर्ष 2024 और 2025 की यह दूसरी सफलता है । नूतन कला रामायण मंडल बाँकी के श्रेष्ठ सूत्रधार महेंद्र सिंह ठाकुर जी के मार्गदर्शन में नवोदित कलाकार हरिओम सिंह बघेल द्वारा शास्त्रीय संगीत की अनूठी प्रस्तुति दी गई और रामायण मंडल के सभी सदस्यों ने सराहनीय कार्य करते हुए अपने मंडल को प्रथम स्थान प्राप्त करने में पूर्ण रूप से सहयोग किया। प्रस्तुति के बाद पंडित दीपनारायण तिवारी जी के द्वारा दिए गए प्रसंग पर श्री मानस जी की टीका पर परम पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के संपूर्ण चरित्र को अपने जीवन में उतारने और उनके चरणों की सेवा करने तथा मनन करने बताया गया। नूतन कला रामायण मंडल बाँकी के सदस्यों में पंडित दीपनारायण तिवारी (टीकाकार), हरिओम सिंह बघेल (गायक), मंगलसिंह ठाकुर, अर्जुन जंघेला, आशाराम बंजारा, रंजीत जंघेला, संजीव जंघेला, कमलेश जंघेला, हरवंश जंघेला, मयूर बोंडे (तबला वादक), आनंद बरमैया (बैंजो वादक) का सराहनीय कार्य रहा।

### किशोर कुमार नाइट सदाबहार संगीत का आयोजन आज

**सिवनी:** विश्व संगीत के सुनहरे प्रश्नों पर अपनी अमिट पहचान बनाने वाले विशिष्ट गायन शैली के हरफनमौला अद्वितीय कलाकार एवं मध्य प्रदेश की माटी खंडवा में जन्मे देश के महानतम पार्श्द गायक अभिनेता किशोर कुमार गांगुली के 96 जन्म जयंती पर स्मृति लान बाहुबली बारापत्थर में 4 अगस्त शाम 7 बजे से किशोर कुमार नाइट का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम के संयोजक श्री गोविंद अग्रवाल ने बताया कि किशोर कुमार नाइट में स्थानीय व जिले के बाहर से आए गायकों द्वारा किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रसिद्ध चिकित्सक, समाजसेवी व जिंदल हॉस्पिटल के संचालक सुनील अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किशोर सोनी ज्वेलर्स एवं समाजसेवी करेंगे।

### एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्यक्रम

# नगर पालिका प रिषद सिवनी द्वारा बंडोल फिल्टर प्लांट परिसर में किया गया वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



3 अगस्त 2025 को पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी विशाल सिंह मस्कोले द्वारा नगरपालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में वृहद स्तर पर विभिन्न प्रजातियों के 500 से अधिक वृक्ष बंडोल फिल्टर प्लांट परिसर क्षेत्र में लगाये गये एवं पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी प्लांट के कर्मचारियों को सौंपी गई। इस वृक्षारोपण के दौरान श्री विवेक मोंटू दुबे, श्री संदेश बास्सा सहित नपा सहायक यंत्री, श्रीमति देवेश्वरी धुर्वे, उपयंत्री श्रीमति वंदना मरकाम, श्री ऋषिकेश शर्मा, सिटी मिशन मैनेजर श्री भीमराव बंसोड, सहित नपा के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# भूदेव ब्राह्मणों का विशेष पर्व श्री श्रावणी उपाकर्म 9 अगस्त को

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिला ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में आगामी 9 अगस्त शनिवार को, समस्त पूज्य ब्राह्मणों का महत्वपूर्ण विशेष पर्व श्रावणी उपाकर्म पर्व आयोजन प्रात 9.30 से पुण्य सलिला मां बैनगंगा घांट लखनवाड़ा सिवनी में लगभग 2 घंटे) विद्वान आचार्य गण। पं.श्री सनत कुमार उपाध्याय ,धर्मवीर पं.अजित तिवारी, पुजारी संघ अध्यक्ष पं. सोनू महाराज,पं. श्रीओम दीक्षित,के प्रधान आचार्यत्व में निर्धारित है।

ज्ञातव्य है कि हमारा भारत देश धर्म प्रधान देश है ।जहां वर्ष पर्यन्त विभिन्न धार्मिक पर्व ,त्योहार मनाये जाते हैं। इन्हीं में ब्राह्मणों के ब्रह्मवर्चस्व संवर्धक के रूप में प्रत्येक वर्ष की श्रावण पूर्णिमा (रक्षाबंधन) के दिन श्रावणी उपाकर्म के रूप में , सभी ब्रह्मनिष्ठ सनातन धर्मानुयायी ब्राह्मण मनाते हैं। इस वैदिक पर्व परंपरा में 10 विधि स्नान के पश्चात वैदिक मंत्रों के साथ हवन में आहुतियां दी जाती है। पितरों के आशीर्वाद से वर्ष भर जाने-अनजाने किए गए पापों का प्रायश्चित होता है।तथा जीवन के हर संकट समाप्त हो जाते हैं। यह विद्या आरंभ का दिन भी माना गया है भारत सरकार ने इसे संस्कृत दिवस घोषित किया है।

आधुनिक युग में देखा जा रहा है कि श्रावणी उपाकर्म की परम्परा लुप्तप्राय होते जा रही है। प्रातः स्मरणीय अनंत विभूषित ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की प्रेरणा से हमारी इस परम्परा को पुनर्जीवित एवं रक्षित करने के लिए, परम पूज्य धर्म सम्राट ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य के परम शिष्य मातृधाम के प्रभारी रहे, श्रध्येय श्री गौरीशंकर तिवारी जी के द्वारा, वर्ष 1980 से सिवनी में प्रारंभ श्रावणी पर्व मनाने का क्रम बैनगंगा के पावन तट लखनवाड़ा घाट में अनवरत जारी है। हमारे क्षेत्र के अनेक धर्मनिष्ठ विद्वान विप्रों द्वारा गत कई वर्षों से स्थानीय पवित्र नदी सरोवर के घाटों पर सामूहिकश्रावणी उपाकर्म पर्व का आयोजन प्रारम्भ किया गया है। इसी पुनीत परंपरा के पालन में पावन पवित्र बैनगंगा लखनवाडा सिवनी के तट पर श्रावणी उपाकर्म क्षेत्रीय पू.विद्वानों की वरद उपस्थिति में आयोजित है । जिसके अन्तर्गत तीर्थस्नान, पंचगव्यप्राशन, हेमाद्रिसंकल्प, दशविधस्नान, सूर्योपस्थान, ऋषिपूजन, नूतन यज्ञोपवीत पूजन एवं धारण, देवर्षि पितृ तर्पण, प्राणायामआदि , शास्त्रोक्त विधि विधान से विद्वानों के द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी।

जिले के सभी, ब्राह्मण संगठन इकाई के पदाधिकारी एवं सदस्यों से से आग्रह है कि अपने-अपने विकास खण्ड में भी इष्ट बन्धु बान्धवों के साथ इस विशेष पर्व का आयोजन करें, तथा सम्मिलित होकर पुण्यलाभ अर्जित करें।

# संयुक्त मोर्चा ने युनिफाईड पेंशन योजना का विरोध प्रदर्शन कर पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

शासकीय सेवा के दौरान शिथिलांग, विकलांग,आकस्मिक मृत्यु,लापता कर्मचारियों के लिए कानून बनाये मध्यप्रदेश सरकार - परमानंद सिवनी - नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय आह्वान एवं म.प्र.अधिकारी कर्मचारी के सहयोग से समस्त जिला मुख्यालयों पर रोष मार्च निकालकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञातव्य होवे कि म.प्र.सरकार निकट भविष्य में म.प्र.के नेशनल पेंशन स्कीम अभिदाताओं जो आठ लाख कर्मचारी,अधिकारी हैं,युनिफाईड पेंशन योजना लागू करने वाली है जिसके विरोध में रोष मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन कर पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया, सरकार इतनी बड़ी योजना को लागू करने जा रहीं हैं और 2017-18 से नेशनल पेंशन स्कीम के खिलाफ आन्दोलन कर रहे कर्मचारी संगठनों से बात तक नहीं कर रहीं हैं, सरकार ने माना है नेशनल पेंशन स्कीम कर्मचारी अधिकारी के हित में नहीं है जबकि युनिफाईड पेंशन योजना उससे कहीं ज्यादा खराब है , भविष्य में फिर इसे ग़लत मानेंगी।

सरकार को सिर्फ पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करे जो सरकार और कर्मचारी दोनों के दित में है,और आन्दोलन को समाप्त करें,बार- बार ग़लत योजना बनाने से सरकार की छबि खराब होती है। शासकीय सेवा के दौरान शिथिलांग, विकलांग, आकस्मिक निधन,लापता कर्मचारी अधिकारी के मध्यप्रदेश सरकार ने1998 शिक्षाकर्मी एवं 2005 के बाद शासकीय सेवकों के लिए कोई कानून नहीं बनाया हैं। मध्यप्रदेश में कांग्रेस और भाजपा शासनकाल के समय के नियुक्त शिक्षक कर्मचारी अधिकारी हैं। परमानंद डेहरिया राष्ट्रीय सचिव प्रांताध्यक्ष ने मध्यप्रदेश शासन से अपील कि शिक्षक,कर्मचारी अधिकारी के हितों रक्षा का कानून बनना चाहिए।

### ई-अटेंडेंस व्यवस्था समाप्त की जायें

मध्यप्रदेश शासन ने सन 2005 के पूर्व भर्ती का विज्ञापन प्रकाशित कर शासकीय सेवकों की भर्ती है और अपने ही शासकीय विज्ञापन को मान्यता नहीं दे रहीं हैं यह कर्मचारियों के साथ धोखा है, जबकि अधिकारों के लिए उसी समयावधि के विज्ञापन को मान्यता दे रहीं ये सोतेला व्यवस्था का व्यवहार सरकार ने करें कर्मचारियों ने माननीय मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है।

मध्यप्रदेश में बहुत आक्रोष और असंतोष कर्मचारी जगत में है , आने वाले समय में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम मध्यप्रदेश के बैनर तले वर्ग आन्दोलन करने योजना है।

# मातृधाम रेलवे स्टॉपेज की 20 वीं वर्षगाँठ महोत्सव कार्यक्रम कल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी किसान संघर्ष समिति के तत्वावधान में मात्रधाम रेलवे स्टॉपेज की २०वी वर्षगाँठ एवं २१वा महोत्सव कार्यक्रम 5अगस्त 2025दिन मंगलवार को बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।साथ ही स्टॉपेज में वृक्षारोपड़ भी किया जाएगा।डा राजकुमार सनोड़िया ने बताया है कि नेरोगेज छोटी रेल संचालित थी तब संगठन एवं क्षेत्रवासियों मांग को देखते हुए सरकार द्वारा २००५को मात्रधाम स्टॉपेज में रेल रुकने की स्वीकृति प्रदान की थी तभी से इस स्टॉपेज में पूरे क्षेत्र वासियों में एक खुशी का माहौल देखने को मिला था और इस खुशी को कभी भी भुलाया ना जा सके इस हेतु प्रति वर्ष उत्साह मनाया जाता रहा है एवं पूरे दिन भर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी समिति द्वारा किया जाता है एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी समिति द्वारा प्रोत्साहित किया जाता है।इस वर्ष भी समिति द्वारा कार्यक्रम मनाया जाएगा जिसमें सर्व प्रथम रेल पूजा,रेल संचालकों, टिकिट गार्ड का सम्मान साथ ही ज्ञापन उपरांत वृक्षारोपण सम्माननीय अतिथियों के द्वारा किया जाना है एवं श्रीराम-जानकी मंदिर परिसर समिति कार्यालय में संस्कृतिक कार्यक्रम,संध्या काल के पूर्व स्वलपाहार उपरांत कार्यक्रम का समापन होगा। उक्ताशय की जानकारी डा राजकुमार सनोड़िया द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है ।

# संस्कार वैली हायर सेकेंडरी स्कूल खैरापालरी जिला में हुआ सम्मानित - गायत्री परिवार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

भारतीय संस्कृति एवं आधुनिक शिक्षा एवं संस्कारों से ओतप्रोत संस्कार वैली का हुआ सम्मान - भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्मान समारोह सिवनी जिले में विद्यालय के छात्र छात्राओं को गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा -2024-25 के लिये सर्वाधिक परीक्षार्थियों को प्रोत्साहन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एवं परियोजना समन्वयक जी के हांथो संस्था प्रमुख/ संचालक श्री ऋषिराज चौरे जी को प्रसस्ति पत्र एवं शील्ड से सम्मानित किया गया। धार्मिक एवं सामाजिक संस्कारों से जुड़े, अपने विद्यालय को भी भारतीय संस्कृति से सदैव जोड़े रखने का प्रयास करते है। विगत कई वर्षों से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्साह पूर्वक प्रतिभागियों को परीक्षा का महत्व एवं दूरगामी सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए गायत्री परिवार ने उज्वल भविष्य की आशा के साथ धन्यवाद किया। इस अवसर पर जिले के कई गणमान्य नागरिकों एवं पूरे जिले से प्रतिभागियों के अभिभावक, एवं शिक्षक, एवं प्राचार्यों की गरिमामयी उपस्थिति में करतल ध्वनि से अभिनंदन किया गया। गायत्री परिवार पलारी केवलारी शिवचरण ठाकुर, शकपूर चंद नरवरे, तहसील समन्वयक विनोद बर्मन, डीपीसी बघेल सर, संजय चौरे, दसराज हरोड़े एवं एम एस विश्वकर्मा जी की भी उपस्थिति रही।



### कावड़ यात्रा महादेव कुंड जेवनारा में समापन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** काचना, जेवनारा पिंडरई कला से कावड़ यात्रा का प्रस्थान मेला स्थल महादेव कुंड जेवनारा में हुआ जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया इनका स्वागत पुष्प एवं तिलक लगाकर जनपद पंचायत बरघाट के अध्यक्ष आभा जितेंद्र राहगडाले के द्वारा किया गया इस अवसर पर काचना, जेवनारा, पिंडरई कला गांव से कावड़ यात्रा महादेव कुंड जेवनारा में समापन हुआ, इसके बाद प्रसादी वितरण भी कावड़ यात्रा समितियां द्वारा किया गया।

### क्रोध से अनेक बीमारियां होती है-भावसागर महाराज

# रक्षा बंधन महोत्सव त्रिवसीय कार्यक्रम के साथ संपन्न होगा

### मुनि श्री धर्म सागर जी का लगातार छठवां उपवास रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



श्री पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश मे महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य मे 3अगस्त 2025 को प्रातः काल की बेला में मांगलिक क्रियाओ के साथ संपन्न हुआ, परम पूज्य मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज का निर्जल लगातार छठवां उपवास रहा ज्ञात होकि मुनिश्री ने 28 जुलाई को आहार ग्रहण किया था उसके बाद लगभग 170 घंटे से भोजन, जल ग्रहण नहीं किया, कमेटी ने बताया कि 7 से 9 अगस्त तक रक्षाबंधन महोत्सव त्रिवसीय कार्यक्रम के साथ संपन्न होगा। इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भावसागर जी महाराज ने कहा कि विश्व में क्षमा से बढक़र अन्य कुछ नहीं है । क्षमा और उदारता वहीं सच्ची है जहाँ स्वार्थ का भी वास न हो क्षमा से व्यक्ति फूल सा हल्का हो जाता है। इसका विपरीत तत्व है क्रोध, क्रोध की दोहरी तलवार मान के स्थान में रहती हैं। क्षमा उनसे मांगे जिनसे हमारी बनती नहीं है। क्षमा न करने से व्यक्ति तनाव ग्रस्त रहता है। क्षमा वंदनीय है, क्षमा जिंदगी, क्षमा साधना, क्षमा प्रार्थना आदि हैं। भारत एक ऐसा देश है जिसने हमेशा दुश्मन की भूलों को भी क्षमा किया है। यह पहला देश है जहाँ युद्ध हमेशा मजबूरी में लड़ा जाता है शौक से नहीं हैं। क्रोध से मनुष्य की अन्तः सावी ग्रन्थियों से विषाक्त द्रव्यों का स्राव होने लगता है जो पूरे शरीर में फैलने लगता हैं।

क्षमा जीवन उत्थान का मार्ग है खुशहाली का खजाना है परम सुख है मोक्ष का दरवाजा है स्नेही की सरिता है आत्मा का आनंद है महान तप है हृदय का धर्म है ऊंचा आचरण है क्षमा से ही व्यक्ति ऊंचा उठता है इससे शत्रु भी मित्र बन जाता है क्रोध को जीतने का उपाय क्षमता है इसकी कभी पराजय नहीं होती है। क्रोध से अनेक बीमारियां होती है हार्ट अटैक ब्लड प्रेशर आदि।

# 79 प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही हुये अपात्र

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री आवास को पलिता लगा रहे है कार्यकारी अध्यक्ष ? पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि पूर्व में बडे जोर शोर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्वितीय चरण में गरीबो को आवास का लाभ दिए जाने की घोषणा की प्रचार प्रसार में भी बहुत जमकर पैसा खर्च हुआ, सिवनी नगरपालिका क्षेत्र में आवासहीन हितग्राहियों द्वारा बडे ही आशा के साथ ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन लगभग 500 रू. खर्च कर जमा किए, आवेदन आने के बाद हितग्राहियों की सूची जारी हुई, जिसमें सिवनी नगरपालिका, राजस्व, नजूल विभाग की टीम ने सर्वे कर 300 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास के लिए पात्र पाया। नगरपालिका परिषद के विशेष सम्मिलन दिनांक 28/05/2025 को प्रस्ताव क्रं. 01, प्रधानमंत्री आवास के 300 पात्र हितग्राहियों के डीपीआर का अनुमोदन स्वीकृत किया गया, कुछ दिन बाद लगभग 137 प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को यह कहकर अपात्र कर दिया गया कि आपका प्लॉट अवैध कालोनियों में है। पार्षद एवं हितग्राहियों द्वारा शिकायत करने पर पुनः जांच की गई जिसमें 58 हितग्राहियों को और पात्र किया गया, 79 हितग्राहियों को यह कहकर अपात्र कर दिया गया कि आपका प्लॉट अवैध कालोनी मे स्थित है। शफीक खान ने कहा कि पूर्व में सिवनी नगरपालिका में वैध अवैध कालोनी के सैकड़ो प्लॉटधारियों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया है तो फिर 300 सौ हितग्राहियों की पूर्व जांच होने के उपरांत परिषद द्वारा डीपीआर स्वीकृति दिये जाने के बाद भी 79 प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ ना देना कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया की कार्यप्रणाली पर संदेह पैदा करता है क्या वह नहीं चाहते कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट का लाभ सिवनी के गरीब हितग्राहियों को मिल सके।

### असलम बाबा ने अल्ताफ पहलवान से की मुलाकात, खेल एवं कुश्ती जगत को लेकर हुई चर्चा

**सिवनी।** दिनांक 02/08/2025 को कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष असलम बाबा एवं उनके साथी हाजी साबिर खान साहब मोहम्मद हबीब एवं अन्य लोग पहुंचे मलारा पहुंच कर ग्रीन सिटी के अध्यक्ष अल्ताफ पहलवान के निवास मुलाकात की एवं खेल एवं कुश्ती जगत की चर्चा की अल्ताफ पहलवान ने बताया कि मेरा बेटा नियम पहलवान पंजाब ट्रेनिंग कैंप में जाने वाला है वहां से अन्य प्रदेशों में जाकर कुश्ती लड़ेगा हमारे जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन करेगा।

अल्ताफ पहलवान ने बताया कि ग्रीन सिटी दंगल प्रेमियों के लिए हर साल दंगल कराया जाता है जिसमें विदेश तक की पहलवानों को आमंत्रित किया जाता है मेरे द्वारा मलारा में एक जिम चालू किया है जिससे हमारे यहां बॉडीबिल्डर तैयार किए जाएंगे जो शहर का नाम जिले का नाम रोशन करेंगे ।

## मृत बाघ की लोकेशन वाली जगह तो ट्रेस हो गई लेकिन बाघ का शव गायब

# व्हाट्सअप में मृत बाघ की वायरल फोटो के बाद वन विभाग और वन्य जीव प्रेमियों ने जंगल छाना








### वन ग्रामों के 6 लोगों पर हो रही कार्यवाही, डिप्टी रेंजर और बिटगार्ड के निलंबित होने की खबर, लेकिन आधिकारिक पुष्टि नहीं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट परिक्षेत्र लालबर्रा के अंतर्गत सोनेवानी अनुभव क्षेत्र के बोरी के पोटूटोला में बाघ का शव दिखाई देने की वायरल फोटो के बाद वन विभाग लालबर्रा और वारासिवनी परिक्षेत्र की दो टीम एवं एसडीओ बी आर सिरसाम कटंगी, वन्यजीव प्रेमी ज्ञानचंद शर्मा, सिकंदर मिश्रा और अन्य वन्य जीव प्रेमियों में हड़कंप मच गया। वन विभाग ने शनिवार को उक्त स्थान पर जांच शुरू कर दी, सर्चिंग अभियान में फ्लाइंग स्कॉट, डॉग स्काट की टीम के साथ वन विभाग की टीम छानबीन में जुट गई है लेकिन अभी तक बाघ के शव का कोई पता नहीं चला है। लालबर्रा और वारासिवनी वन परिक्षेत्र की दो टीमें गठित की गई है जो पूरे जंगल क्षेत्र का निरीक्षण करेगी। वायरल फोटो की लोकेशन के आधार पर यह मामला सोनेवानी अनुभव क्षेत्र बोरी के पोटूटोला अंतर्गत बीट क्रमांक 443 का है जहां वन विभाग की टीम सर्चिंग अभियान में जुटी हुई है। वन विभाग ने सर्चिंग अभियान शुरू किया है और मृत बाघ की तलाश की जा रही है वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद है और सघनता से जांच कर रही है। अभी तक बाघ का पता नहीं चल पाया है, उक्त बाघ को वन विभाग के एक अधिकारी और एक कर्मचारी द्वारा ही वन ग्राम के कुछ लोगों को मृत बाघ को जला देने की बात करने की बात सामने आ रही है, जहां वन विभाग ने रविवार को लालबर्रा क्षेत्र के कुछ वन ग्राम नवेगांव, टेकाड़ी, खैरगोंदी, बोरीटोला, चितालटोला से 6 लोगों को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए एवं उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए वन परिक्षेत्र कार्यालय लालबर्रा लाया गया है। जहां क्षेत्र के वन ग्रामों से लगभग आधा सैकड़ा आदिवासी समाज के बंधु लालबर्रा कार्यालय पहुंचे थे, वहीं वन ग्रामों के लोगों ने बताया कि बीटगार्ड हिमांशु घोरमारे के फोन पर मौखिक रूप से कहने पर उनके द्वारा बाघ के शव को जलाया गया है। इसी बात को लेकर क्षेत्र के आदिवासी समाज के लोगों का कहना है कि वन विभाग के कर्मचारी बीट गार्ड के कहने पर इन लोगों ने जलाया है तो कार्यवाही तो वन विभाग के बीटगार्ड हिमांशु घोरमारे पर भी यही धारा यही अपराध कायम करने की मांग की जा रही है। और इन पर कार्यवाही न होकर आदिवासी समाज के 6 लोगों (चौकीदार)पर कार्रवाई होती है तो लालबर्रा क्षेत्र का आदिवासी समाज इस बात को लेकर क्षेत्र से लेकर जिला स्तर तक इस विषय पर विरोध प्रदर्शन आंदोलन करेगा। हालांकि बताया तो यह भी जा रहा है कि डिप्टी रेंजर टीकाराम हनोते और बीट गार्ड हिमांशु घोरमारे को निलंबित कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। वन विभाग के उच्च अधिकारी आगे क्या करते हैं इस पर वन्य जीव प्रेमियों एवं क्षेत्र के लोगों की नजर टिकी हुई है।

## साथ पढने वाले युवक को लगाया साढ़े 18 लाख रुपये का चूना

# अधिक रकम देने का लालच देकर की धोखाधड़ी

### पुलिस ने किया सेलवटपार निवासी डेविड बाकट के खिलाफ 420 का प्रकरण

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।




धोखाधड़ी के लगातार हो रहे मामलों के बाद भी लोग सचेत होने के स्थान पर लालच में पड़कर अपनी राशि गँवा रहे हैं और फिर पुलिस थाने और न्यायालय के चक्कर लगा रहे हैं। ऐसा ही एक और मामला वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 3 से सामने आया हैं। जहाँ साथ में पढने वाले ग्राम सेलवटपार निवासी युवक डेविड बाकट ने अधिक रकम देने का लालच देकर अपने ही साथी कौशिक चौहान को लगभग साढ़े 18 लाख रुपये से ठग लिया। जब युवक डेविड बाकट द्वारा रकम वापस नहीं लौटाई गई, तो आखिरकार ठगी का शिकार हुए युवक कौशिक चौहान ने पुलिस थाना वारासिवनी में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 369/25 भारतीय दंड विधान की धारा 420 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जॉच में ले लिया हैं।

वारासिवनी के वार्ड नम्बर 3 निवासी शिकायतकर्ता कौशिक चौहान द्वारा की गई शिकायत अनुसार वह और डेविड बाकट एक साथ सेज़ यूनिवर्सिटी भोपाल में वर्ष 2022 से बीबीए कर रहे थे, जिससे दोनों में मधुर संबंध स्थापित हो गये थे। इन संबंधों का फायदा उठाते हुए डेविड बाकट ने जून 2022 में उसे कम समय में अधिक रकम बनाकर देने का लालच देकर उससे रकम की मॉग की। अधिक रकम के लालच में फॅस कर कौशिक ने अपने पिता व रिश्तेदारों से रकम एकत्र कर 15 जून 2022 की शाम लगभग 4 बजे अपने वार्ड नंबर 3 स्थित घर में डेविड बाकट को 10 लाख रूपये नगद दिया था। उसके बाद 28 जुलाई 2022 के दोपहर लगभग 2 बजे 4 लाख रूपये व 1 सितम्बर 2022 की शाम लगभग 4 बजे साढ़े 4 लाख रूपये अपने वार्ड नंबर 3 वारासिवनी वाले घर में डेविड बाकट को नगद दिए। इस प्रकार कुल साढ़े 18 लाख रूपये उसने डेविड बाकट को दिया।

डेविड बाकट ने इस राशि के एवज में कौशिक चौहान को अलग-अलग बैंक के अलग-अलग दिनांक के कुल 7 चैक कुल 26 लाख रूपये की राशि के देकर लगभग 8 से 10 माह बाद उन्हें बैंक में लगाने के लिए कहा। इस दौरान कौशिक चौहान के सामने डेविड बाकट ने कई लोगों से राशि लेकर अधिक राशि प्रदान की थी। इसीलिए कौशिक को डेविड पर यकीन हो गया था। लेकिन 8 से 10 महीने बाद जब कौशिक ने बैंकों में चेक लगाने का प्रयास किया, तो डेविड बाकट ने चेक लगाने से मना करते हुए कहा कि मैंने चैक सुरक्षा के रूप में दिया हूँ और चेक वापस लेकर नगद राशि दूँगा। लेकिन आज तक ना तो डेविड बाकट ने कौशिक चौहान को रकम वापस किया और ना ही बैंक में चेक लगाने दिया। जिससे कौशिक को आभास हुआ कि वह डेविड के द्वारा ठग लिया गया है। तो आखिरकार उसने पुलिस की शरण ली।

पुलिस ने कौशिक पिता राजेन्द्र चौहान उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 3 वारासिवनी की शिकायत पर डेविड पिता होमचंद बाकट उम्र 21 वर्ष निवासी सेलवटपार थाना रामपायली के खिलाफ अपराध क्रमांक 369/25 भारतीय दंड विधान की धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# कंजई भाण्डामुर्री में तेंदुए का आतंक. ग्रामीणों में दहशत का माहौल



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

वन विकास निगम परिक्षेत्र लालबर्रा अंतर्गत वन से लगे ग्राम कंजई और भाण्डामुर्री में विगत कई दिनों से हिंसक जानवर तेंदुए का मूवमेंट बना हुआ है। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है शनिवार की रात्रि बालाघाट सिवनी मार्ग पर स्थित वन से लगे भण्डामुर्री बिगारीबर्रा वार्ड नंबर 17 निवासी किशोर उईके के घर के कोठे में तेंदुए ने दो नग बकरा और बकरी को अपना निवाला बनाया। घर के लोगों ने तेंदुआ की आहठ सुनते ही जैसे ही कोठी में देखा तो तेंदुआ वहां कर बकरियों का शिकार कर भाग निकला उईके ने बताया कि बकरा और बकरी की बाजार कीमत लगभग रू15000 है शनिवार की रात्रि घटी इस घटना से ग्रामीणों में भय दिखाई दे रहा है।

### नहीं सुन रहे वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी

भाण्डामुर्री के उप सरपंच राजकुमार मरठे ने बताया कि बिगारीबर्रा मे तीन सप्ताह बीत गए तेंदुआ बहुत परेशान कर रहा है। कभी भी बस्ती में घुस जाता है जिससे ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है वन विभाग को सूचना देने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है जिस कारण जनहानि की आशंका है शनिवार की मध्य रात्रि तेंदुआ ने बस्ती में घुसकर बकरा और बकरी का शिकार किया वन अधिकारी कहते हैं कि तेंदुआ भाग जाएगा पटाखे फोड़ो लेकिन वन विभाग द्वारा सुरक्षा के कोई उपाय नहीं किये जा रहे हैं जिससे जनता में रोष व्याप्त है जनता की मांग है कि हिंसक जानवर तेंदुआ को वन विभाग रेस्क्यू करके दूसरे स्थान पर छोड़ दे जिससे जनहानि नहीं होगी ग्रामीणों का आरोप है कि तेंदुए की मूवमेंट को लेकर वन विभाग गंभीर दिखाई नहीं दे रहा है। इसके पूर्व भी अनेकों घटनाए घट चुकी है। अनहोनी घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन करें और आम जनता की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए।

# हरदोली में कैम्प संपन्न मरीजो का प्राकृतिक पद्धति से किया उपचार, दिया उचित परामर्श




हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

ग्राम पंचायत हरोदली में रविवार को स्वास्थ संकल्प एंव मिशन गुड हेल्थ नाकाडोंगरी महाराष्ट्र के तत्वावधान में प्राकृतिक पद्धति से उपचार कराने के लिए एक दिवसीय निशुल्क शिविर लगाया गया । इस दौरान कैम्प में स्वास्थ संकल्प एंव मिशन गुड हेल्थ की टीम के द्वारा रोगियो के घुटने के दर्द, कमर दर्द, जोडा का दर्द का थेरेपी विधी के द्वारा उपचार करते हुए मसाज की, और व्याम कराया गया साथ ही उचित सलाह दि ताकि घर में रहते हुए दर्द से कैसे निजात मिल सके । कैम्प में ग्राम के पचास से अधिक वृद्ध महिला और पुरुषो ने प्राकृतिक पद्धती से उपचार व उचित परामर्श प्राप्त किया । डा.दिनेश वाघ, अल्का नायक आरोग्य सलाहकार, संयोजक सरित सोनवाने लक्ष्मी निकाडे मौजूद रहे जिन्होंने उपचार कर उचित परामर्श प्रदान किया । इस अवसर पर सरपंच रत्नमाला मिरचुले, सचिव दिपक डहरवाल, देवांद पुष्पतोडे, सुखदेव देशमुख, सिंदू मिरचूले सहित अन्य ग्रामीणजनो का निशुल्क कैप के सफल आयोजन के लिए सहयोग मिला।

# कल्याणी जागृति संघ किरनापुर द्वारा श्री संत तुलसीदास जी महाराज की जयंती मनाई गई




**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** कल्याणी जागृति संघ किरनापुर जिला बालाघाट के तत्वाधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री संत तुलसीदास जी महाराज की जयंती का आयोजन श्री राम मंदिर में किया गया। जिसके अंतर्गत रामायण पाठ एवं श्री तुलसीदास जी एवं रामायण विषय पर विचार गोष्ठी कार्यक्रम रखा गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी जोशी जी के द्वारा श्री तुलसीदास जी के छायाचित्र के समक्ष दीप जलाकर श्री रामायण ग्रंथ का पूजा दर्शन किया गया। कल्याणी संघ के बहनों द्वारा श्री रामचंद्र कृपालु भजमन की की सामूहिक स्तुति की गई। उपस्थित बहनों द्वारा रामायण का संगीत में पाठ किया गया संघ के संचालिका नलिनी शुक्ला ने कल्याणी संघ के अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी। उद्बोधन के क्रम में क्रमशः बहनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त कर श्री तुलसीदास जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए रामायण में उन्होंने समाज सुधार के लिए किन-किन बातों पर जोर दिया, ताकि जनता कर्तव्य परायण होकर जीवन में एक आदर्श स्थापित करें। अंत में आरती प्रसादी वितरण कर संघ सचिव विभा शुक्ला ने आभार वक्त किया।

## सांसद श्रीमती पारधी में झंडी दिखाकर बालाघाट स्टेशन से रवाना किया ट्रेन

# जिले को मिली जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी और रीवा-पुणे सुपरफास्ट ट्रेन की सौगात

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



केंद्र सरकार द्वारा मध्य प्रदेश को दो नई ट्रेनों की सौगात दी गई है। इनमें से एक ट्रेन प्रतिदिन चलने वाली जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस और दूसरी साप्ताहिक ट्रेन रीवा-पुणे सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन है। इन ट्रेनों के प्रारंभ होने से बालाघाट को भी एक बड़ी सौगात मिली है। यह दोनों ट्रेन बालाघाट से होकर गुजरंगी । बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने 03 अगस्त को इन ट्रेनों के बालाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचने पर स्वागत किया और झंडी दिखाकर रायपुर एवं जबलपुर के लिए रवाना किया।

बालाघाट जिले को इन दोनों ट्रेनों की सौगात मिलने से इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं, व्यवसायियों एवं आमजन को आवागमन की अच्छी सुविधा मिलेगी और इससे जिले के विकास को गति मिलेगी। सांसद श्रीमती पारधी ने कहा कि गोंदिया-जबलपुर रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण का कार्य भी प्रारंभ कराया जाएगा और इसके लिए केंद्रीय रेल मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया है । रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण का कार्य उनके कार्यकाल में ही शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बालाघाट जिले को आने वाले समय में और भी लंबी दूरी की ट्रेनों की सौगात दिलाई जाएगी। सांसद श्रीमती पारधी ने मध्य प्रदेश को दो नई ट्रेनों की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद दिया है और उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम हरिनखेड़े, पूर्व मंत्री श्री गौरीशंकर बिसेन, श्री राम किशोर (नानो) कावरे एवं अन्य गणमान्य नागरिक, पत्रकार बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

### सरस्वार परिवार ने तिरोड़ी को भेंट किया डेड बॉडी फ्रीजर

**कटंगी।** मृत व्यक्ति के शव के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने के लिए वरिष्ट समाजसेवी कांग्रेस नेता पूर्व विधायक अशोक सिंह सरस्वार की धर्मपत्नी श्रीमती विजय प्रभा सरस्वार की स्मृति में सरस्वार परिवार ने तिरोड़ी में डेड बॉडी फ्रीजर भेंट किया है. रविवार को जिला पंचायत बालाघाट अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, वरिष्ट समाजसेवी विजय सिंह सरस्वार, महेन्द्र सिंह चौहान ने तिरोड़ी में यह फ्रीजर पवन वैद्य और उनके साथियों को भेंट किया है. जिसे अंबेडकर भवन में सुरक्षित रखा गया है. जरूरत पड़ने पर कोई भी अंबेडकर भवन में संपर्क कर फ्रीजर को उपयोग के लिए ले जा सकता है।

## 250 से अधिक मरीजों की जांच और चौकी परिसर में किया गया वृक्षारोपण

# पुलिस चौकी पाथरी में आयोजित हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर

### एकल सुविधा केंद्र के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने बनवाए 190 ग्रामीण जनों के जाति प्रमाणपत्र को



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित ग्राम पाथरी में दिनांक 2 अगस्त 2025 को एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य एवं मोतियाबिंद जांच-ऑपरेशन शिविर का आयोजन हुआ। यह आयोजन पुलिस प्रशासन, अश्रित फाउंडेशन असाटी दवाखाना मोहगांव, प्योरिटी सर्विसेस जैन हॉस्पिटल बालाघाट,एवं देवजी नेत्रालय जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। शिविर का आयोजन "एकल सुविधा केंद्र"एवं सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य शासन की सेवाओं, स्वास्थ्य सुविधा और प्रशासनिक भरोसे को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचाना है।इस अवसर पर श्री करणदीप सिंह, एसडीओपी बैहर ,श्री अशोक सिंह जादौन सहायक सेनानी हॉकफोर्स पाथरी , डॉ.अंकित असाटी अध्यक्ष अश्रित फाउंडेशन मोहगांव विक्रम चौधरी डायरेक्टर प्यूरिटी सर्विसेस , शरद लुटे डायरेक्टर प्यूरिटी सर्विसेस ,श्री नरेंद्र यादव थाना प्रभारी मलांजखंड श्री तरुण सिंह चौहान चौकी प्रभारी पाथरी की उपस्थिति में किया गया ।शिविर में 250 से अधिक मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया गया। मलेरिया, सिकल सेल एनीमिया, शुगर, ईसीजी और अन्य बीमारियों की जांच की गई। मोतियाबिंद की जांच में 45 मरीजों का परीक्षण हुआ, जिनमें से 18 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित किए गए तथा 7 मरीजों को तत्काल जबलपुर भेजा गया। सभी मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।चिकित्सकीय सेवाओं में डॉ. प्रभाशंकर मिश्रा, डॉ. सहन कुमार, डॉ. अंकित असाटी, डॉ. श्रद्धा असाटी और देवजी नेत्रालय के अमित देशपांडे ने सक्रिय योगदान दिया। इस दौरान एकल सुविधा केंद्र के माध्यम से 190 जाति प्रमाण पत्र भी तैयार कर ग्रामीणों को वितरित किए गए, जिससे अब उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ सहजता से मिल सकेगा।शिविर के दौरान पुलिस विभाग द्वारा विशेष पुलिस सहयोगी भर्ती अभियान के तहत युवाओं को जागरूक किया गया। मुनादी कर ग्रामीणों को बताया गया कि यह भर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को शासकीय सेवा से जोड़ने का विशेष अवसर है, जिससे वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकते हैं।कार्यक्रम के प्रारंभ पर एक प्रेरणादायक पहल करते हुए पुलिस अधिकारियों, चिकित्सकों और बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों द्वारा चौकी परिसर में वृक्षारोपण किया गया। फलदार एवं छायादार पौधों को लगाकर सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और भविष्य की पीढ़ियों के लिए हरियाली का संदेश दिया।यह आयोजन "एकल सुविधा केंद्र – समस्या छोटी-बड़ी, समाधान साथ खड़ी"की भावना को साकार करता है और सेवा, विश्वास एवं सामाजिक सहभागिता का प्रभावशाली उदाहरण बनकर सामने आया है।

### किरनापुर में भूले बिसरे गीत का हुआ आयोजन

**किरनापुर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी पुरानी गुजरी चौक (गांधी चौक) में भूले बिसरे गीत श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन 03 अगस्त 2025 को सुर संगम सांस्कृतिक समिति किरनापुर के तत्वाधान में रखा गया ।इस कार्यक्रम के अध्यक्ष खूमेशचद अजीत व सचिव अरविंद कोरे तथा इस कार्यक्रम में फिल्म संगीत के महान व मशहूर पार्श्व गायको की स्मृति में क्षेत्र के नवोदित गायक कलाकारों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में उपस्थित जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह, जिला पंचायत सदस्य मीरा राधेश्याम सिंघनधूपे , चेतना कुराहे, डाली कावरे, राधेश्याम सिंघनधूपे, असीम चौहान,विकासखंड शिक्षा अधिकारी गणेश सोनी, जिला समन्वयक अधिकारी राजेंद्र श्रीवास्तव , बंटीं अर्जुनवार ,सरपंच प्रतिनिधि जेपी रामटेके इस कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक गायको ने अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत की।

# सहकारी कार्यकर्ता प्रशिक्षण सम्पन्न, अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर हुआ वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट की शाखा डोंगरमाली अंतर्गत बी-पैक्स भेण्डारा में 2 अगस्त को मृणाल मीना कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन एवं पी. जोशी प्र. मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशन में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी की उपयोगिता पर आधारित सहकारी कार्यकर्ता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर मेरी माटी-मेरा देश के तहत नीम पौधे का पौधारोपण बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भेण्डारा में किया गया। इस अवसर पर प्रकाश साहू प्र. शाखा प्रबंधक डोंगरमाली ने कहा कि नैनो यूरिया और इफको आधारित नैनो डीएपी के प्रति किसानों का रूझान बढ़ रहा है जिसको लेकर शाखा और समिति के कर्मचारी लगातार इसके उपयोग और फसल में होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी से अवगत करा रहे है। नैनो यूरिया और नैनो डीएपी खेती के लिए कारगर है। इस दौरान वैदिक अगाल इफको क्षेत्रीय अधिकारी और रत्नेश शुक्ला इफको ब्लॉक अधिकारी द्वारा नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के प्रयोग की विधि और इसके लाभ की जानकारी से उपस्थित किसानों को अवगत कराया।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के चलते इफको बालाघाट के बैनर तले शाखा एवं बी-पैक्स के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बी-पैक्स भेण्डारा में मेरी माटी मेरा देश के तहत नीम के पौधे का पौधारोपण कर नीम की उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किये गये। इस अवसर पर प्रकाश साहू, वैदिक अगाल, के.एल. भगत पर्यवेक्षक, महेश लिल्हारे, प्र. संस्था प्रबंधक डोंगरमाली, मिथलेश ठकरेले प्र. संस्था प्रबंधक लड़सड़ा, घनश्याम लिल्हारे प्र.संस्था प्रबंधक भेण्डारा, खुमेन्द्र चैधरी प्र. संस्था प्रबंधक मेण्डकी,केशवदास मात्रे प्र. संस्था प्रबंधक बेनी, राजेन्द्र मस्करे, दुर्गेश प्रसाद, जितेन्द्र धुवारे, जितेन्द्र जैतवार, राजकुमार हाडगे, रवि दशहरे सहित कृषणगण एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

